St. Claret College

Autonomous, Bengaluru

Roll No:
Date:

UG END SEMESTER EXAMINATION-MAY 2026
BCA/BSC: IV SEMESTER

16

HNS 425: उपन्यास, भारतीय प्राच्य साहित्य और अपठित गद्यांश

TIME: 3 hours. **MAX. MARKS: 80**

This paper contains 03 printed pages and VI sections

Instructions:

1. **Verify and ensure that the question paper is completely printed.**
2. **Any discrepancies or questions about the exam paper must be reported to the COE within 1 hour after the examination.**
3. **Students must check the course title and course code before answering the questions.**

Section-I

दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए: **[10x1=10]**

1. वसुधा और देवेन दिल्ली के किस एकेडमी में साथ-साथ टाइपिंग सीखा करते थे?

i) कृष्णा कमर्शियल एकेडमी ii) आदर्श एकेडमी iii) श्रीराम एकेडमी iv) दिल्ली कमर्शियल एकेडमी

2. वसुधा के पिता किस बीमारी से ग्रसित थे?

i) कैंसर ii) रक्तचाप iii) लकवा iv) किडनी

3. वसुधा की छोटी बहन का क्या नाम था ?

i) सारिका ii) कंचन iii) कल्पना iv) रानी

ST. CLARET COLLEGE LIBRARY Bengaluru-13 AUTONOMOUS

4. टाइपिंग इंस्टिट्यूट का कौन व्यक्ति वसुधा को परेशान करता था?

i) मिस्टर वर्मा ii) बॉस शर्मा iii) मिश्रा iv) झा जी

5. वसुधा की माता जी क्या नाम था ?

i) बिंदर कौर ii) परवीन कौर iii) दलजीत कौर iv) कनिका कौर

6. लाला बिशनदास किस सरकारी विभाग में नौकरी करते थे?

i) पुलिस विभाग ii) सिंचाई विभाग iii) कार्मिक विभाग iv) भारतीय रेलवे

7. लाला बिशनदास किस पद पर कार्यरत थे?

i) सहायक अभियंता ii) लोको पायलट iii) चीफ क्लर्क iv) गुडस गार्ड

8. दिल्ली के किस इलाके में वसुधा का घर था?

i) ग्रेटर कैलाश ii) सरोजनी नगर iii) लाजपत नगर iv) जनकपुरी

9. विभाजन के बाद वसुधा का परिवार कहाँ आ गया था?

i) भटिंडा ii) लुधियाना iii) करनाल iv) सोनीपत

10. 'छाया मत छूना मन' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

i) मन्नू भंडारी ii) अनामिका iii) हिमांशु जोशी iv) मनोज रूपड़ा

Section II

किन्हीं दो की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : [2x7=14]

11. "उसकी बुद्धि में यह बात बहुत दिनों तक नहीं आयी । वे उल्टा मुझे ही कोसती रहती है कि मैं अपनी छोटी बहन की तरक्की से जलती हूँ । उसका सुख से रहना देख नहीं सकती ।"

12."क्यों इसकी जिंदगी खराब करने पर तुली हो ! नौकरी करके क्या मिलेगा ! सब जगह एक-सा हिसाब है। बी. ए. के बाद टीचिंग का डिप्लोमा लेकर कहीं अध्यापिका हो जायेगी ।"

13. "माँ पर मुझे क्रोध नहीं, दया आती है । जिंदगी भर कभी भी उन्हें आत्मिक सुख नहीं मिला । कंचों की यह भटकन अभावों के कारण रही, जो अब एक आदत सी बन गयी है ।"

Section III

किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : [1x16=16]

14. 'छाया मत छूना मन' के पात्र देवेन और वसुधा का चरित्र-विश्लेषण कीजिए ।

15. 'छाया मत छूना मन' के कथानक का सार लिखकर उसके गुण-दोषों की विवेचना कीजिए।

Section IV

किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए: [2x5=10]

16. वसुधा और देवेन की मित्रता

17. लाला विशनदास और परवीन कौर का दांपत्य जीवन

18. कंचन

Section V

पंचतंत्र की किन्हीं दो कहानियों का सारांश लिखिए : **[2x10=20]**

19. तीन मूर्ख पंडित

20. व्यापारी के पुत्र की कहानी

21. संगीतमय गधा

Section VI

अपठित गद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए: **[5x2=10]**

22. हेलन केलर ने अपने जीवन से सिद्ध किया कि मनुष्य अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर किसी भी कठिनाई को पार कर सकता है। उनका जन्म 27 जून 1880 को अमेरिका के अलबामा राज्य के टसकंबिया में हुआ। बचपन में वे सामान्य और स्वस्थ थीं, पर डेढ़ वर्ष की आयु में तेज बुखार के कारण उनकी दृष्टि, वाणी और श्रवण शक्ति चली गई। अनेक चिकित्सकों के परामर्श के बाद उन्हें मूक-बधिर विद्यालय में भेजा गया, जहाँ उनकी मुलाकात शिक्षिका एनी सुलीवन से हुई। एनी सुलीवन ने धैर्य और समर्पण से उन्हें शिक्षित किया तथा ब्रेल लिपि सिखाई। हेलन में सीखने की तीव्र इच्छा जागृत हुई और उन्होंने निरंतर परिश्रम किया। धीरे-धीरे वे बोलना भी सीख गईं। उन्होंने अनेक भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया और 1904 में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की। हेलन ने 'मेरी आत्मकथा' सहित कई प्रसिद्ध पुस्तकें लिखीं। उनका जीवन प्रेरणा देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी आशा और परिश्रम से सफलता प्राप्त की जा सकती है। ।

प्रश्न :

1. हेलन केलर के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
2. हेलन केलर की विकलांगता का कारण क्या था?
3. एनी सुलीवन ने हेलन के जीवन में क्या भूमिका निभाई?
4. हेलन केलर ने शिक्षा प्राप्त करने के लिए कौन-कौन से प्रयास किए?
5. हेलन केलर की प्रमुख उपलब्धियाँ क्या थीं?

****